भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1104

उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

आम नागरिकों के लिए हज का अवसर

1104. श्री जामयांग शेरिंग नामग्यालः

श्री नारणभाई काछडिया:

श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकरः

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारेः

श्री देवजी पटेलः

श्री दिलीप शइकीयाः

श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा आम नागरिकों के लिए हज के अवसरों में वृद्धि करने और उनमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धों का समावेश सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा सऊदी अरब में भारतीय हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि करने और पूरी हज प्रक्रिया के दौरान महिलाओं के लिए विशिष्ट व्यवस्था करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): भारत सरकार भारतीय हज यात्रियों के लिए हज अनुभव में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, हज-2023 के दौरान विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत के आधार पर कई सुधार किए गए। हज-2023 के दौरान किए गए सुधारों में अन्य बातों के साथ-साथ शामिल है; सरकार के लिए विवेकाधीन वीआईपी कोटा को समाप्त करना; 2022 में 10 आरोहण स्थलों से बढ़ाकर 2023 में 20 करना; मेहरम के बिना महिलाओं की श्रेणी (LWM) के तहत एकल महिला को बिना समूह के आवेदन करने की अनुमति; भारत में तीर्थयात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) और इसकी एजेंसियों की सीधी भागीदारी; और हज अवधि के दौरान सऊदी अरब में अस्पतालों/डिस्पेंसरियों सहित गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा बुनियादी ढांचे की स्थापना; महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए हज नीति में विशेष प्रावधान करके हज को समावेशी बनाना; केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPE) से प्रशासनिक प्रतिनियुक्तिकर्ताओं का चयन (जिससे सऊदी अरब में तीर्थयात्रियों के लिए

बेहतर प्रबंध कुशलता और सहायता सुनिश्चित की जा सके); प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करना; पिछले वर्षों की तरह एक निश्चित राशि की विदेशी मुद्रा की खरीद को अनिवार्य करने के बजाय तीर्थयात्रियों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार प्रतिस्पर्धी दरों पर एसबीआई के माध्यम से विदेशी मुद्रा की उपलब्धता का प्रावधान करना; भारतीय हज समिति (HCoI) के तीर्थयात्रियों के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क को समाप्त करना; गैर-आवश्यक घटकों को हटाकर भारतीय हज समिति के हज पैकेज की लागत में कटौती करना; भारतीय हज समिति द्वारा प्रति तीर्थयात्री ली जाने वाली बीमा लागत कम करना, एयर चार्टर की बोली की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक और समावेशी बनाकर इसमें सुधार करना और भारतीय हज समिति और हज समूह आयोजकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के मूल्यांकन के लिए प्रतिपुष्टि पोर्टल का विकास करना, जिसमें 25000 से अधिक तीर्थयात्रियों की प्रतिपुष्टि प्राप्त हुई, जिसके आधार पर हज 2024 के दौरान आगे और सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

हज 2023 के दौरान हज प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाकर हज-नीति 2023 में विशेष प्रावधान करके महिला तीर्थयात्रियों, दिव्यांगजनों और बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुविधाजनक बनाया गया। 70 से अधिक आयु वर्ग के तहत और एलडब्ल्यूएम (मेहरम के बिना महिलाएं) श्रेणी के तहत आवेदकों को कोटा के आवंटन के लिए अन्य आवेदकों की तुलना में अत्याधिक प्राथमिकता दी गई थी। दिव्यांगजनों और बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यकता के आधार पर सहायता के लिए नीति में विशेष प्रावधान किए गए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के समन्वय से महिलाओं और शिशु आहार के लिए स्वच्छता आवश्यकताओं की व्यवस्था की गई।

भारतीय सीमाओं के बाहर भी सभी नागरिकों के लिए चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसरण में मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सऊदी अरब में भारतीय मिशन के समन्वय से सऊदी अरब में अस्थायी अस्पतालों और औषधालयों के रूप में आवश्यक बुनियादी ढाँचा तैयार किया।

इसके अलावा, प्रबंध कुशलता और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए, हज 2023 के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और इसकी एजेंसियां द्वारा हज यात्रियों की प्रारंभिक जांच की गई, जो अब तक निजी डॉक्टरों द्वारा की जाती थी अब केवल सरकारी डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा जांच की गई है। MoHF&W द्वारा चयनित 335 डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की एक चिकित्सा टुकड़ी को भारतीय तीर्थयात्रियों के कल्याण के लिए सऊदी अरब में प्रतिनियुक्त किया गया था। वर्ष 2023 में भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए दंत चिकित्सा की अतिरिक्त सुविधा भी जोड़ी गई।

******